an>

Title: Need to complete the construction of railway over bridge on Mumbai-Hawda railway route in Bilaspur.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): उपाध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बाद बिलासपुर सबसे महत्वपूर्ण स्थान है, जहां पर छत्तीसगढ़ का हाई कोर्ट, रेलवे जोन का मुख्यालय, एस.ई.सी.एल. का मुख्यालय, अपोलो हॉस्पिटल और सेन्ट्रल युनिवर्सिटी के साथ विभिन्न प्रकार के सार्वजनिक संस्थान स्थित हैं, उनमें हमारे प्रदेश और अन्य प्रदेशों के हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग बिलासपुर से होकर गुजरती है, जिस पर दो लालखदान एवं चकरमाठा ओवर ब्रिज का काम सन् 2009 में पूरा होना था, जिनका काम आज तक अधूरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर के साथ-साथ झारखंड और ओडिसा से आने वाले यात्री हैं और आस-पास के इलाकों से जो रोज आना-जाना करते हैं, वहां पर रोज 150 रेल गुजरती हैं, ऐसे रेलवे ओवरब्रिज को वर्ष 2009 में पूरा होना था, लेकिन बहुत दिनों के बाद भी ब्रिज का काम पूरा नहीं हुआ है। इस विषय के संबंध में मैं डीआरएम से मिला हूं, डीआरएम के साथ मिटिंग में इस मुद्दे को उठाने के बाद भी, इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। मैं आपको जानकारी देना चाहता हूं कि छः बार के सांसद रहे, सम्मानीय परसराम भारद्वाज जी का हार्ट अटैक के कारण इलाज के लिए जब उन्हें बिलासपुर लाया जा रहा था, तो उनको एक घंटे तक रेलवे क्रॉसिंग पर रोकना पड़ा, ऐसे क्रिटिकल केस और घटनायें वहां पर रोज घटित होती हैं।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि लालखदान एवं चकरमाठा दोनों रेलवे ओवरब्रिज का काम शीघ्र पूरा करवाया जाये।